संख्या- 55/ 2016 / 398 / चार-2017 -33 (बजट)/15

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 31 मार्च , 2017

विषय:- पिप इन्सेक्टिसाइड के क्रय हेतु रू0 85,000.00 (रूपये पच्चासी हजार मात्र) के वास्तविक व्यय की स्वीकृति तथा उक्त धनराशि के अग्रिम आहरण की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3105/सं0नि0-5(34)/2009-10, दिनांक 08-03-2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार के अभिलेख कक्ष में संरक्षित अभिलेखो के संरक्षण हेतु पिप इन्सेक्टिसाइड का क्रय बाम्बे कैमिकल प्र0लि0, थाठे, मुम्बई से क्रय किये जाने हेतु रूपये 85,000-00 (रूपये पच्चासी हजार मात्र) के व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण /उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(2) उक्त सामग्री के क्रय हेतु स्टोर पर्चेज रूल्स तथा समय-समय पर जारी सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा।

(3) उक्त रसायन के क्रय के पश्चात निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 को सूचित किया जायेगा।

2- उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-आयोजनेत्तर-104-अभिलेखागार-03-राज्य अभिलेख-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या - 55 /2017 / 398 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, बी-44, महानगर विस्तार, लखनऊ ।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in